दैनिक जागरण
02.12.2018

अमेरिकी कंपनी ने दिया 1.04 करोड़ का ऑफर

जागरण संवाददाता, वाराणसी : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बीएचयू में शुक्रवार आधी रात से ही प्लेसमेंट का पिटारा खुल गया। पहले दिन एक छात्र को यूनाइटेड स्टेट की एक कंपनी ने 1.04 करोड़ रुपये के पैकेज का ऑफर दिया।

कैंपस प्लेसमेंट के तहत शनिवार को कुल 316 छात्र-छात्राओं को लाखों रुपये की नौकरी का ऑफर मिला। इसमें जहां 150 छात्र-छात्राओं को प्री प्लेसमेंट ऑफर के तहत लेटर दिया गया, वहीं 165 को जॉब ऑफर मिला, जबकि एक छात्र को इसरो ने चुना।

आइआइटियंस को नौकरी देने के लिए देश-विदेश से नामी कंपनियां पहुंच रही हैं। इस वर्ष 1151 छात्र-छात्राओं का रजिस्ट्रेशन कैंपस सलेक्शन के लिए किया गया है। पिछले साल जहां 762 विद्यार्थियों को नौकरी मिली थी, वहीं मैथमेटिक्स एंड कम्प्यूटिंग की छात्रा को 1.34 करोड़ रुपये का पैकेज ऑफर हुआ था। 2016 में एक छात्र को ओरेकल कंपनी ने सालाना 2.27 करोड़ रुपये ऑफर दिया था।

शुक्रवार रात 12 बजे से शनिवार से सुबह छह बजे तक गोल्ड मैन सैक्स, न्यूट्रैनिक्स, माइक्रोसॉफ्ट, उबेर, कोडनेशन, अल्फांसो, माइंड टिकल, रिविगो (एसडीई), एप्पल, स्प्रिंकल (एसडीई 1), गूगल, डी शॉ, टॉवर रिसर्च, सिस्को व क्वॉलकॉम कंपनी ने युवाओं को लाखों रुपये पैकेज का आफर दिया।

शिफ्ट में चलेगा साक्षात्कार : आइआइटी के छात्रों को नौकरी मुहैया कराने के लिए शिफ्ट वाइज साक्षात्कार होगा। रात के 12 बजे से सुबह छह बजे तक, सुबह आठ बजे से शाम तीन बजे तक के अलावा शाम की एक और पाली चलेगी। संस्थान के विभिन्न हॉस्टलों में इसकी व्यवस्था की गई है। गेस्ट हाउस और छात्रावासों के कमरे पहले से ही बुक कर लिए गए हैं।

- गतवर्ष 1.34 करोड़ के मुकाबले इस बार सिर्फ 1.04 का उच्चतम पैकेज
- देशी-विदेशी कंपनियों ने दिया 166 छात्र-छात्राओं को लाखों का ऑफर

1151 कुल रजिस्ट्रेशन

720 बीटेक

189 डुअल डिग्री

242 एमटेक

1063 पिछले वर्ष रजिस्टेशन

762 छात्रों को मिला था ऑफर

अब तक के बड़े पैकेज

वर्ष	पैकेज	कंपनी
2014-15	2.03 करोड़	गूगल
2015-16	2.27 करोड़	ओरेकल
2016-17	1.20 करोड़	ओरेकल
2017-18	1.34 करोड़	माइक्रोसाफ्ट